Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 07-12-2006
Participants : Singh Kunwar Rewati Raman,Acharia Shri Basudeb

an>

Title: Need for merger of M/s HCL & FOU, Naini, Allahabad with RTCL.

श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद) : महोदय, यह मामला इस सदन में कई बार उठ चुका है और आपने सरकार का ध्यान भी इस तरफ आकृट किया है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि जब एनडीए की सरकार थी, तब इन्होंने विनिवेश मंत्रालय बनाया था और जब से यूपीए की सरकार बनी है, जितने भी हमारे पीएसयूज़ हैं, धीरे-धीरे यह सरकार उन्हें बंद करने का काम कर रही है। हिंदुस्तान केबल तीन जगह स्थापित हैं - रूप नारायणपुर, कोलकाता, नैनी इलाहाबाद और हैदराबाद में। मुझे ताज्जुब है कि तीन साल होने के बावजूद भी इन्हें कैसे पुनः प्रारम्भ किया जाए, आज तक सरकार ने इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है। एनडीए सरकार की जो पालिसी थी, वही पालिसी यूपीए सरकार चलाएगी तो इनका भी वही हाल होगा, जो एनडीए की सरकार का हुआ था।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि तमाम पीएसयूज़ का विलय हुआ है तो इसे रेलटेल में या बीएसएनएल में, टेलीकॉम के मंत्री बैठे हैं, *......

MR. SPEAKER : Please do not say that.

श्री रेवती रमन सिंह : महोदय, हमें अफसोस है।

MR. SPEAKER: That portion will be expunged.

श्री रेवती रमन सिंह : प्रधानमंत्री जी से भी हम मिले थे, श्री बसुदेव आचार्य जी के नेतृत्व में और प्रधानमंत्री जी ने आश्वासन दिया था कि अगर प्रस्ताव आएगा तो इसे फिर से चलवाएंगे। मैंने कान्ति सिंह जी से भी बात की थी और उन्हें कहा था कि इलाहाबाद चलिए, लेकिन मान्यवर, इस सरकार में किसी के पास समय नहीं है जो वहां जा सके।

महोदय, इलाहाबाद में नैनी आप्टिकल फाइबर फैक्टरी है। पूरे देश में पब्लिक अंडरटेकिंग्स की एक फैक्टरी है और आप्टिकल फाइबर की सबसे ज्यादा डिमांड है। केवल 210 कर्मचारी हैं, जिनकी उम्र 35 से 40 साल है। ट्रांसपोर्ट विभाग में जहां ट्रांसपोर्ट लगी हुई है, वहां बिजली, पानी कट गया है। कोई सिक्योरिटी वाला वहां कैसे काम करेगा? तीन साल से उन्हें तनख्वाह नहीं मिल रही है, ट्रांसपोर्ट का पैसा नहीं मिल रहा है।

मान्यवर मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि इस विाय पर तत्काल वक्तव्य दें और इसे पुनः चालू कर वाने की कार्यवाही करें।

MR. SPEAKER: Shri Basu Deb Acharia, you can only associate your name with him.

… (*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): I want to associate with him. … (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Only his name will be recorded.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing will be recorded.

*(Interruptions)** ...

---

* Not recorded

MR. SPEAKER: All Ministers should listen to what is being said.

… (*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA : Shri Maran is sitting in the House. He knows the problem. So, he should respond. … (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Will you please take your seat?

… (*Interruptions*)

श्री रेवती रमन सिंह : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी रिस्पौंड करें।

अध्यक्ष महोदयः सब मिनिस्टर्स यहां हैं।